सार-समाचार

बाड़मेर में रेल सेवाओं के विस्तार की मांग

बाड़मेर, (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं युवा नेता आजाद सिंह राठौड ने बाड़मेर में नई ट्रेनें चलाने और पूर्व में चली रही ट्रेनों के रूट में विस्तार करने की मांग की है। राठौड ने बताया कि रिफाइनरी, कोयला खदानों, खनिज और कपडा उद्योग में बढ़ती श्रमशक्ति की मांग को देखते हुए रेल सेवाओं में विस्तार आवश्यक है। बाडमेर के कई व्यापारी मुंबई, महाराष्ट्र और दक्षिणी भारत में उद्यम करते है, उनके लिए सीधी ट्रेन चलाने से यात्रा सुगम होगी। राठौड ने बताया कि जोधपुर- दिल्ली सालासर सुपरफास्ट व अजमेर- आगराफोर्ट ट्रेन का विस्तार बाडमेर तक किया जाएं, बाडमेर- मथुरा सुपरफास्ट को पांच दिन की बजाय प्रतिदिन करना चाहिए। बाडमेर दिल्ली मालाणी सुपरफास्ट जो कि सप्ताह में दो दिन जो चलती है को प्रतिदिन करते हुए एवं बाडमेर से मुंबई साप्ताहिक रेल सेवा का संचालन प्रतिदिन किया जाएं। बाडमेर से चेन्नई, बाडमेर से कन्याकुमारी तथा बाडमेर से हैदराबाद नई साप्ताहिक रेल सेवा एवं पूर्व में स्वीकृत जोधपुर पुरी ट्रेन का विस्तार बाडमेर तक तथा बाडमेर यशवंतपुर ट्रेन का विस्तार कोयंबटूर तक किया जाए क्योंकि बाडमेर से कोयंबटूर जाने वाली सीधी सवारियां अधिक होती है।जोधपुर बाडमेर डेमू ट्रेन का समय पूर्व की भांति दोपहर 2 बजे किया जाए। वर्तमान में इसका समय ऋषिकेश बाडमेर ट्रेन के समांतर रख दिया इसके कारण यात्री भार में 70 प्रतिशत तक की कमी आ गई है। इसके अतिरिक्त बाडमेर रेलवे स्टेशन पर अनुरक्षण हेतु दो वॉशिंग लाइन, यार्ड, नए प्लेटफार्म का प्रस्ताव रेल मंत्रालय में प्रस्तावित है जिसकी लागत दो सौ करोड के करीब है, को वित्तीय स्वीकृति प्रदान की जाएं। इससे यात्रियों को सुविधाएं उपलब्ध होगी।

शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित किए

बाड़मेर, (निसं)। जिला मुख्यालय पर सोमवार को पुलिस लाईन में पुलिस शहीद दिवस समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस लाईन में आयोजित शहीद दिवस समारोह में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा द्वारा देश के सभी प्रान्तों, केन्द्र शासित प्रदेशों व अर्द्ध सैन्य बलों के पिछले एक वर्ष मे विभिन्न संवर्ग के राजस्थान के 20 शहीद सहित सभी 216 शहीद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के नाम व पदनाम का वाचन कर उन्हें सम्मान दिया। संचित निरीक्षक सुमेरसिंह के नेतृत्व में पुलिस की शोक गार्ड द्वारा शहीदों को सलामी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद सभी पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों, सेवानिवृत पुलिसकर्मियों तथा शहीदो के परिवारजनों के साथ-साथ उपस्थित लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। इस अवसर पर बाडमेर पुलिस द्वारा शहीदों के परिवार जनों का सम्मान किया गया। पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में पुलिस लाईन परिसर में पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधिकारी व जवानो द्वारा तथा शहीदों के परिजनों द्वारा पौधारोपण किया गया। वहीं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे पुलिस अधिकारियो व जवानों द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बाडमेर, अतिरिक्त जिला कलक्टर बाडमेर, उपखण्ड अधिकारी बाडमेर तथा जिले के समस्त वृताधिकारी व थानाधिकारीगण, संचित निरीक्षक पुलिस लाईन बाडमेर सहित पुलिस विभाग के अधिकारी, पुलिस जवान, सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी, शहीदो के परिवारजन के उपस्थित रहे।

पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के पुलिस लाईन में 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। शहीद दिवस के दिन हम उन सभी वीर सपूतों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते है, जिन्होंने कर्त्तव्य पालन करते हुए प्राणों की आहूति दी थी। आज से 60 वर्ष पूर्व अक्टूबर, 1959 में लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। इन वीरों के बलिदान को याद करने व उनसे प्रेरणा ग्रहण करने के मकसद से देश के हर पुलिस संगठन व संस्थान में पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है। इन वीरों का बलिदान भारतीय पुलिस के कार्यों की उच्चतम परम्पराओं का प्रतीक है तथा कर्त्तव्य निष्ठा का अनुपम आदर्श प्रस्तुत करता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुलिस शहीद दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाईन जालोर में श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजन किया गया। जालोर एसपी ज्ञानचन्द्र यादव जिला पुलिस अधीक्षक जालोर, मोटाराम गोदारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर, कैलाश विश्नोई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला उत्पीड़न सैल जालोर, गौतम जैन वृताधिकारी जालोर, लीलसिंह आरआई रिजर्व पुलिस लाईन जालोर सहित पुलिस जवानों व सेवानिवृत पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजली दी गई। शहीद पुलिस कर्मियों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर, परेड सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तथा पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया।

अवैध डोडा पोस्त सहित एक गिरफ्तार

बाड़मेर, (निसं)। अवैध मादक पदार्थो की तस्करी रोकथाम एवं प्रभावी कार्यवाही करने के लिए बालोतरा जिला पुलिस की ओर से चलाये जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन भौकाल के तहत डीएसटी व रिको थाना पुलिस ने बडी कार्यवाही करते हुए अवैध डोडा पोस्त की बडी खेप के साथ एक मुलजिम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि थानाधिकारी पुलिस थाना रीको क्षेत्र देवाराम विश्नोई मय टीम एंव सहायक उप निरीक्षक अमीन खां, डीएसटी बाडमेर मय टीम द्वारा सरहद कुडला मे मुलजिम कलाराम पुत्र कासु राम माली की रहवासी ढाणी पर दबिश देकर मुलजिम के कब्जे से 1 क्विंटल, 38 किलो 572 ग्राम अवैध डोडा पोस्त एवं अवैध डोडा पोस्त मापतोल में प्रयुक्त एक इलैक्ट्रोनिक कांटा जब्त करने में सफलता हासिल की गई है। जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 21 लाख रूपयें आंकी गई है। इस सम्बध मे मुलजिम के विरूद्व पुलिस थाना रिको क्षेत्र में स्वापक औषधी एवं मन:प्रभावी अधिनियम 1985 मे दर्ज किया जाकर अग्रीम अनुसंधान व मादक पदार्थ की खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में पूछताछ व अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्यवाही में कांस्टेबल हनुमानराम व रमेशकुमार,डीएसटी टीम की विशेष भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि मुलजिम कलाराम के विरूद्ध पूर्व मे पुलिस थाना सदर बाडमेर मे एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 प्रकरण दर्ज होकर चालान हुआ है।

अस्पताल में वीडियो बनाने पर पकड़ा

जोधपुर, (कास)। जोधपुर के महात्मा गांधी हॉस्पिटल में 17 अक्टूबर को मरीजों के बीच डांस करने की रील बना कर वायरल करने वाले युवक को सरदारपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। युवक द्वारा वीडियो बनाने के बाद शहर में वायरल होने के बाद पुलिस ने इस संबंध में कार्रवाई की है। सरदारपुरा थानाधिकारी दिलीपसिंह ने बताया कि पुलिस ने नागौरी गेट,सिंधी साहब जादों का मोहल्ला भील बस्ती निवासी हितेश भील को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी ने 17 अक्टूबर को महात्मा गांधी हॉस्पिटल के ओपीडी वार्ड में मरीजों की बीच डांस का वीडियो बनाकर वायरल किया था। युवक द्वारा ओपीडी में बीमार मरीजों और पर्ची कटवाने आए लोगों के बीच डांस करने का वीडियो बनाया गया था। मरीजों के बीच इस तरह से वीडियो रील बनाना पुलिस ने अनुचित माना और कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि हॉस्पिटल में युवक की इस हरकत से मरीजों को परेशानी हुई है। साथ ही अपनी प्रसिद्धि के लिए अनुचित स्थान पर रील बनाकर समाज में गलत संदेश प्रसारित किया गया। उसे पाबंद किया गया है।

दिव्यांगों को मिलेगी इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर

बालोतरा, (निसं)। राजस्थान सरकार दिव्यांगजनों को नई सुविधा दे रही है। राजस्थान सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाएं दिव्यांगजनों के जीवन को बेहतर एवं आसान बनाने में मददगार साबित हो रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बालोतरा घेवरचंद प्रजापत ने बताया कि जिले में आवासी मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित विशिष्ट विकलांगता पीला अथवा नीला दिव्यांग प्रमाण पत्र धारक दिव्यांगजनों को नि:शुल्क इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 7 नवंबर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। योजना के पात्र आवेदक जल्द से जल्द आवेदन करें। उन्होंने बालोतरा जिले में आवासी मांसपेशीय दुर्विकास से ग्रसित पीला (40 प्रतिशत से 79 प्रतिशत तक) नीला (80 प्रतिशत से 80 प्रतिशत से अधिक) से पी?ित विशेष योग्यजनों को चलने की क्षमता प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर प्राप्त करने के लिए अपील की है। इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर के लिए आवेदन पत्र सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के स्थानीय जिला कार्यालय एवं ब्लॉक स्थित कार्यालयों से प्राप्त कर आवेदन पत्र के साथ मूल निवास एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र सहित संबंधित कार्यालय में जमा कराया जा सकेगा।

खाद्य पदार्थों की शुद्धता जांचने सहित कार्यों की समीक्षा की

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें उन्होंने विभागवार प्रगतिरत प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में जिला कलैक्टर ने जिले में खाद्य पदार्थों की शुद्धता जांचने के लिए अभियान चलाकर सैंपलिंग बढ़ाने के साथ ही मिलावट करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर आमजन को राहत प्रदान के लिए विभागों से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला कलैक्टर ने डेंगू सहित विभिन्न मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में फोंगिंग कार्य करवाने को लेकर निर्देशित किया।

उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत एफएचटीसी के कार्यों में गति लाते हुए प्रत्येक घर को नल कनेक्शन से जोड़ने को लेकर निर्देश दिए।

जिला कलैक्टर ने सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की पेंडेंसी के संबंध में विभागवार प्रगति देखी। उन्होंने विद्युत, पेयजल, सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा, सहकारिता, पंचायतराज, चिकित्सा विभाग से संबंधित कार्यों तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं में प्रगति की विस्तार से समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रमाशंकर भारती, डिस्कॉम के एसई पी.एस. राठौड़, पीडब्ल्यूडी एसई चतुर्भुज खुडीवाल, पीएचईडी के अधिशासी अभियंता श्यामबिहारी बैरवा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक दुर्गासिंह उदावत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जालोर में कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे (बाएं) ने अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक ली। फोटो-राष्ट्रदूत

जयदीप राव ने रजत, उत्कर्ष मिश्रा ने कांस्य पदक जीता

अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जालोर के जयदीप व उत्कर्ष ने पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जयदीप राव ने रजत व उत्कर्ष मिश्रा ने कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रान्त को गौरवान्वित किया है।

आदर्श विद्या मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय जालोर के प्रधानाचार्य नितिन ठाकुर ने बताया कि मध्यप्रदेश के भोपाल में 17 से 20 अक्टूबर तक आयोजित हुई 35वीं अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्थानीय विद्यालय के जयदीप राव व उत्कर्ष मिश्रा ने राजस्थान प्रान्त का प्रतिनिधित्व किया।प्रतियोगिता के बाल वर्ग में उत्कर्ष ने कांस्य व किशोर वर्ग में जयदीप ने रजत पदक जीतकर जिले व राजस्थान प्रान्त का मान बढाया।

गौरतलब है कि दोनों ही प्रतिभावान मुक्केबाजों ने जयपुर में गत माह क्षेत्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता था, जिससे इनका चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु हुआ था।

साथ ही दोनों ने गत वर्ष उज्जैन में आयोजित हुई 34 वीं अखिल भारतीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में भी पदक अर्जित किया था। मुक्केबाजों के पदक जीतकर आने पर, मुक्केबाजों सहित दल प्रभारी ओम सिंह व प्रशिक्षक कन्हैयालाल मिश्रा को विद्यालय स्थानीय समिति के व्यवस्थापक भरत गोयल, अध्यक्ष जगदीश दवे,आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला सचिव अजय गुप्ता ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बधाई दी।

विद्यालय की तरफ से प्रियंका मिश्रा द्वारा दोनों खिलाड़ियों का जालोर रेलवे स्टेशन पर माला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर अभिनन्दन किया गया।

आम आदमी की सुविधा का काम होगा : विश्नोई

गादेवी ग्राम पंचायत भवन के उद्घाटन समारोह को मंत्री के. के. विश्नोई ने संबोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

गुड़ामालानी, (निसं)। पंचायत समिति गुड़ामालानी की ग्राम पंचायत गादेवी में पंचायत के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उधोग एवं वाणिज्य मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई, प्रधान बिजलाराम चौहान, राणा कुलदीप सिंह राठौड, विकास अधिकारी अशोक कुमार गौड,सहायक विकास अधिकारी आईदानराम सिधप, सरपंच राजाराम कटारिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन,माधुसिंह राजपूत, बाबुलाल माजू,अशोकसिंह राजावत सहित अतिथियों द्वारा फिता काटकर भवन का शुभारंभ किया। वहीं मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई को गांव के लोगों 51 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि दस सालों में जो देश,गांव शहरों में विकास ओर परिवर्तन हुआ वो पहले नहीं हुआ। आम आदमी के लिए विकास ओर सुविधा का काम होगा। ग्राम पंचायत गादेवी में कुछ कमी को पुरा करने के लिए घोषणाएं की। राणा कुलदीप सिंह राठौड ने कहा कि कृष्ण कुमार विश्नोई मंत्री बनने के बाद क्षेत्र में विकास के लिए तत्पर रहते हैं। पंचायत भवन निर्माण के लिए जमीन देने वाले भामाशाहों का आभार जताया। सरपंच प्रतिनिधि नरीगाराम कटारिया ने सभी अतिथियों एवं भूमिदाताओं तथा गांव के ग्रामीणों का धन्यवाद ज्ञापित किय।

कार्यक्रम का मंच संचालन खेताराम खत्री के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरपच नरेन्द्र सिंह,हेमेंद्र सिंह,-ारीगाराम कटारिया,पुर्व छात्र संघ अध्यक्ष छगन मेघवाल, पुरखाराम चौधरी, गोपालसिंह, धमाराम पुरोहित, बालकाराम देवासी, मिश्रीमल पुरोहित, जेठाराम भक्त, प्रहलाद मेघवाल,मोहनलाल सहित सरपंच तथा पंचायत समिति सदस्य सहित जनप्रतिनिधि एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि दाताओं का स्वागत किया गया।

शादी समारोह में जेवरात से भरा बैग चोरी

जोधपुर, (कास)। शहर के कायलाना के पास में आए एक रिजोर्ट में रात को शादी समारोह कार्यक्रम के बीच में लाखों के आभूषण से भरा बैग चोरी हो गया। बैग में कितने आभूषण थे इस बारे में फिलहाल पुलिस ने स्पष्ट नहीं किया है। रिपोर्ट दिए जाने पर स्पष्ट हो पाएगा। सीसीटीवी फुटेज में दो शख्स नजर आए है, जिनकी पहचान कर पुलिस तलाश कर रही है। आज दोपहर तक मामला दर्ज नहीं हो पाया था।

एसीपी प्रतापनगर रविंद्र बोथरा ने बताया कि कायलाना के समीप आए एक रिजोर्ट में रात को शादी समारोह का आयोजन चल रहा था। शादी समारोह अनिल सैनी नाम के व्यक्ति के परिवार का था। महिला संगीत का आयोजन था। परिवार की महिला द्वारा आभूषण से भरा बैग एक कुर्सी के नीचे रखा था। सब लोग व्यस्त थे, ऐसे में कोई आया और बैग लेकर चला गया। परिवार की तरफ से दी जाने वाली रिपोर्ट पर अठिाम कार्रवाई की जाएगी।

बैग में कितने आभूषण और नगदी वगैरह थी, इस बारे में रिपोर्ट मिलने पर पता लग पाएगा। सूचना पर राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने मौका मुआयना किया है। सीसीटीवी फुटेज में एक दो संदिज्ध लोग नजर आए है।

ट्रेलर की टक्कर से एक की मौत

जोधपुर, (कास)। शहर के जोधपुर। जैसलमेर रिंग रोड पर कार के पास खड़े व्यक्ति को एक ट्रेलर ने चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई।

राजीव गांधी नगर थाना पुलिस ने बताया कि गुजरात के गांधी नगर जिले के सादरा थानान्तर्गत माधोगढ़ निवासी लालाजी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके पिता अमृत चौहान 19 अक्टूबर की रात्रि के समय रिंग रोड जोधपुर जैसलमेर स्थित पांच दुकान केरू के पास सडक़ किनारे खड़े थे। उनके पास में क ार वैन भी खड़ी थी। तब एक ट्रेलर के चालक ने वैन के साथ उसके पिता को भी चपेट में ले लिया। हादसे में गंभीर रुप से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, मगर बाद में उनकी मौत हो गई।

सार-समाचार

रक्तदान व पौधारोपण किया

जोधपुर, (कास)। राजस्थान पुलिस की ओर से सोमवार को शहीद दिवस का आयोजन जोधपुर कमिश्नरेट और ठामीण पुलिस लाइन में आयोजित किया गया। शहीद पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को श्रद्धसुमन अर्पित किए गए। पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों की तरफ से रक्तदान शिविर लगाने के साथ पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही परेड का आयोजन हुआ। पुलिस शहीद दिवस पर राज्य पुलिस अकादमी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें पुलिस कप्तान डीजीपी यूआर साहू की मौजूदगी में शहीद पुलिस कार्मिकों के सम्मान में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट में आयोजित शहीद दिवस पर कार्यक्रम के दौरान शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों के परिजनों का सम्मान भी किया गया। पुलिस शहीद दिवस रक्तदान शिविर भी लगाया गया। पुलिस के अधिकारियों एवं जवानों की तरफ से बढ़चढ़ कर रक्तदान में हिस्सा लिया गया। पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह, डीसीपी पूर्व आलोक श्रीवास्तव, डीसीपी पश्चिम राजर्षि राज सहित सभी पुलिस अधिकारी कार्यकम में मौजूद रहे। इसी तरह रिजर्व पुलिस लाइन दईजर जोधपुर ठामीण मे जोधपुर रेंज स्तरीय पुलिस शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे रेंज महानिरीक्षक विकास कुमार सहित ठामीण पुलिस अधीक्षक रामूर्ति जोशी और समस्त वृताधिकारीगण मौजूद रहे। पुलिस लाइन परिसर में पौधरोपण भी किया गया। शहीद जवानों को पुष्पांजलि के साथ जवानों को कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

मिठाई के डिब्बों पर स्वच्छता का संदेश

बाड़मेर,(नि.सं.)। बाड़मेर शहर में मिठाई के डिब्बों के माध्यम से नवो बाड़मेर में सक्रिय भागीदारी निभाने एवं स्वच्छता अभियान का संदेश घर-घर पहुंचेगा। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने सोमवार को मिठाई के डिब्बों पर स्टीकर चस्पा कर इसकी शुरूआत की। बाडमेर शहर में चलाए जा रहे नवो बाड़मेर अभिनव पहल के तहत काफी समय से स्वच्छता गतिविधियां जारी है। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों एवं कार्मिकों के साथ आमजन भी खासी भूमिका निभा रहे है। इसके तहत जोधपुर मिष्ठान भंडार के कमल सिंहल ने घर-घर तक मिठाई के डिब्बों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश पहुंचाने एवं नवो बाड़मेर में भागीदारी निभाने का प्रयास किया है। अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्रसिंह चांदावत ने उनकी इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि इसके माध्यम से आमजन तक बाड़मेर शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का संदेश पहुंचेगा। इस दौरान जोधपुर मिष्ठान भंडार के कमल सिंहल, बाड़मेर टीम के सुरेश जाटोल उपस्थित रहे। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक जसवंत गौड़ ने इस नवाचार की सराहना करते हुए आमजन से नवो बाड़मेर में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

चोरी का आरोपी पकड़ा, जेवरात बरामद

जोधपुर, (कास)। मतोडा थाना क्षेत्र में गत 16 अक्टूबर को हुई चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। इस मामले में चोरी किए गए सोने और चांदी के आभूषण बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फलोदी एसपी पूजा अवाना ने बताया कि गत 16 अक्टूबर की रात लगभग 11 बजे से 4 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर कमरे में रखी दो सूटकेस में रखे लगभग 9 तोला सोने और 50 तोला चांदी के जेवरात चुरा लिए लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर खुलासा करने के लिए एएसपी ब्रजराज सिंह चारण के निर्देशन में मतोडा थानाधिकारी अचलाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने संदिग्ध आरोपी कालूसिंह को गांव सुवाप से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान मुल्जिम कालूसिंह ने चोरी करने की बात स्वीकार कर ली। आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 9 तोला सोना और 50 तोला चांदी के गहने, साथ ही उपयोग की गई मोटरसाइकिल भी बरामद की। आरोपी कालूसिंह ने बताया कि पहले भी ईशरू गांव में एक कैबिन से चोरी की थी।

उम्मेद अस्पताल में गायनी वार्ड तैयार

जोधपुर, (कास)। जोधपुर में दान-पुण्य के लिए सभी आयु वर्ग के लोग तैयार रहते हैं। प्राप्त जानकारी क अनुसार स्कूलों में विकास व कक्षा-कक्ष बनाने के लिए मशहूर राउंड टेबल इंडिया ने इस बार उम्मेद अस्पताल में 25 लाख रुपए की लागत से गायनी (स्त्री एवं प्रसूति रोग) विभाग के सामान्य वार्ड को तैयार करवाया है है। यहां 5 हजार स्कवेयर फीट एरिया में राउंड टेबल इंडिया जोधपुर चैप्टर की टीम ने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पूरे वार्ड का रिनोवेशन किया है। उम्मेद अस्पताल को दानदाताओं की ओर से अत्याधुनिक 28 बेड भी प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा ग्राउंड फ्लोर पर स्थित जनरल वार्ड में टाइलिंग, प्लास्टर ऑफ पेरिस, 9 एयरकंडीशन मशीन, नर्सिंग स्टेशन, ड्रेसिंग रूम, टॉयलेट व पंखे आदि लगाए गए हैं। इसके अलावा ऑक्सीजन लाइन व वैक्यूम लाइन दो-ढाई लाख लाइनें स्थापित की गई हैं।

बाईजी क्षेत्र में बीमार मिली महिला की मौत

जोधपुर, (कास)। जोधपुर शहर के बाईजी का तालाब स्थित एक कबाड़ की दुकान के पास में बीमारी की हालत में मिली महिला की एमजीएच में मौत हो गई। उसने खुद को बाईजी का तालाब निवासी होना बताया था। इसक बावजूद भी उसकी शिनाख्त आज चौथे दिन भी नहीं हो पाई।

प्राप्त जानकारी क अनुसार एसआई गोविंद सिंह ने बताया कि बाईजी का तालाब स्थित एक कबाड़ की दुकान के पास में मीना नाम की एक महिला बीमारी की हालत में मिली थी, उसने अपना नाम मीना और बाईजी का तालाब क्षेत्र में रहना बताया था।

उसे 18 अक्टूबर को एमजीएच में उपचार के लिए भर्ती करवाया था, मगर 19 को उसकी मौत हो गई।

महिला का कद तकरीबन 5 फीट, रंग सांवला एवं बदन मध्यम है। उसने आसमानी सलवार सूट पहना हुआ है।

शिक्षक संघ राष्ट्रीय का जिला शैक्षिक अधिवेशन 25 से

जालोर, (कासं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला जालौर का जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन 25 और 26 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर राजेंद्र नगर विद्यालय में होगा।

आयोजन के संयोजक एवं उप शाखा जालौर के अध्यक्ष कृष्णपालसिंह सामुजा ने बताया कि अधिवेशन को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है तथा आयोजन के लिए तैयारी चल रही है। इस आयोजन के प्रथम दिवस शुक्रवार को बौद्धिक सत्र में पीर योगी गंगानाथ महाराज भेरुनाथ अखाडा जालौर का सानिध्य रहेगा। मुख्य वक्ता के रूप में देवेंद्रकुमार प्रांत समरसता संयोजक जोधपुर प्रांत पाथेय प्रदान करेंगे। वही उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान विधानसभा जयपुर, अध्यक्ष छगनसिंह राजपुरोहित विधायक आहोर और विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेशकुमार गोयल जिला प्रमुख, मोहन पुरोहित प्रांतीय पर्यवेक्षक एवं महामंत्री एबीआरएसएम व भेराराम चौधरी जिला शिक्षा अधिकारी जालोर रहेंगे। रात्रि में भजन संध्या एवं सांस्कृतिक सत्र के दौरान विभिन्न शिक्षकों व आमंत्रित कलाकारों द्वारा कार्यक्रम होगा। अधिवेशन के द्वितीय दिवस खुला सत्र और शैक्षिक वार्ता के रूप में संदीप जोशी और जबरसिंह देवडा द्वारा विभिन्न योजना को लेकर अपनी वार्ता दी जाएगी। समापन सत्र के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में ओटाराम देवासी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री राजस्थान सरकार, अध्यक्ष पुष्पेंद्रसिंह राणावत पूर्व मंत्री एवं विधायक बाली, विशिष्ट अतिथि के रूप में नारायणसिंह देवल पूर्व विधायक रानीवाडा, पूराराम चौधरी पूर्व विधायक भीनमाल और विशिष्ट अतिथि जयसिंह नारनाडी, सोमाराम गहलोत, डॉक्टर मदनसिंह राठौड, विशनसिंह कैलाशनगर, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल सहित अतिथि होंगे। आयोजन को लेकर जिला अध्यक्ष हीरसिंह राठौड व जिला मंत्री कपूरसिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जालोर में शिक्षक संघ राष्ट्रीय के शैक्षिक अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत